वार्षिक प्रतिवेदन

2003-2004

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान

तिरुवनन्तपुरम 695 011

केरल

Printed at St. Joseph's Press, Thiruvananthapuram - 695 014

विषय सूची

		पृष्ट संख्या
प्रारंभ	:	5
संस्थान-समिति	:	7
शासी समिति	:	9
संक्षिप्त भूमिका	:	11
वर्ष की मुख्य घटनाएं	:	13
बयोमेडिकल टेकनालजी विकास	:	15
i. उत्पाद निर्माण व तकनालजी स्थानांतरण	:	16
ii. जाँच, गुणवत्ता प्रणाली, प्रबंधन / तकनीकी सेवाएं	:	21
iii. बयोमेटीरियल अनुसंधान व निर्माण सेवाएं	:	25
iv. बयोलोजिकल अनुसंधान व मूल्यांकन	:	29
v. पेटेंट प्राप्त	:	34
स्वास्थ्य विज्ञान अध्ययन	:	35
रोगी सेवा	:	42
चिकित्सा अनुसंधान	:	54
वर्ष के दौरान खरीदे प्रमुख उपस्कर	:	59
अकादमिक कार्यकलाप	:	60
कार्यक्रम / कार्यशाला एवं सम्मेलन	:	67
बाहरी अर्थ स्रोत की शोध-परियोजनाएं	:	72
वैज्ञानिक प्रकाशन	:	81
सम्मान व पुरस्कार	:	87
विशिष्ट अतिथि	:	89
फैकल्टी, सदस्यों और छात्रों की विदेश यात्रा	:	91
सम्मेलनों में भागीदारी	:	92
स्थायी समितियाँ	:	109
विभाग एवं कार्मिक	:	112
2003-2004 का लेखा-विवरण	:	119

प्रारंभ

इस संस्थान का सूत्रपात 1973 में हुआ। उस वर्ष ट्रावनकोर राजपरिवार ने जनता को एक बहुमंजिला भवन भेंट किया। केरल सरकार ने उस भवन में श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान केन्द्र (विशिष्ट सेवाओं केलिए) स्थापित करने का निश्चय किया।

श्री.पी. एन. हक्सर ने 1976 में उक्त आयुर्विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया। शीघ्र ही सेटलमंड महल, पूजप्पुरा में एक बयोमेडिकल एंजिनीयरी एवं तकनालजी खंड का विकास हुआ। यह अस्पताल संयंत्र से 11 किलोमीटर दूर है।

भारत सरकार ने तकनालजी व आयुर्विज्ञान को एक ही संस्थान के ढाँचे में समेकित करने के संकल्प और सफलता को इतना महत्वपूर्ण माना कि उसे 1980 में संसद में विधेयक पास करके राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया।

अधिनियम में संस्थान के निम्नलिखित ध्येय दिये गये हैं-

1. बयोमेडिकल एंजिनीयरी और तकनालजी की प्रोन्नति।
2. रोगी सेवा के उच्चतर स्तर की प्रस्तुति।
3. उच्चतर आयुर्विज्ञानीय विशिष्ट धाराओं तथा बयोमेडिकल एंजिनीयरी और तकनालजी में उच्चतम श्रेणी के स्नातकोत्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास।

संस्थान-समिति

डॉ. आर. चिदंबरम
मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, 318
विज्ञान भवन अवेन्यू, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली 110 011
अध्यक्ष

प्रो. पी. एन. टंडन
1, जागृति एनक्लेव, विकास मार्ग एक्स्टेंशन, नई दिल्ली 110 011

प्रो. एम. एस. वलियत्तान
अध्यक्ष, राज्य विज्ञान तकनालजी एवं पर्यावरण समिति, केरल सरकार एवं सचिव
केरल सरकार, शास्त्र-भवन, पट्टम पोस्ट, तिरुवनन्तपुरम 695 004

प्रो. पी. रामचंद्र राव
उपकुलपति, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वारणासी 221 005

प्रो. बी. इकबाल
उपकुलपति, केरल विश्वविद्यालय, तिरुवनन्तपुरम

डॉ. के. ए. दीनशाह
निदेशक, टाटा मेमोरियल हास्पिटल और कैंसर रिसर्च इंस्टिट्यूट, परेल, मुंबई 400 012

प्रो. चित्रा सरकार
पथालजी विभाग, अखिल भारत आयुर्विज्ञान संस्थान, अन्सारी नगर
नई दिल्ली 110 016

प्रो. वी. एस. राममूर्ति
सचिव, भारत सरकार, विज्ञान व तकनालजी विभाग, तकनालजी भवन
न्यू मेहरौली रोड, नई दिल्ली - 110 016

प्रो. पी. राम राव
डॉ ब्रह्मप्रकाश डिस्टिंग्विष्ड् प्रोफेसर आफ ऐ एस आर ओ, इंटरनैषनल सेंटर फोर अड्वान्स्ड् रिसर्च इन
पौडर मेटलर्जि एंड न्यू मेटीरियल्स, आर सी ऐ रोड, आर आर डिस्ट्रिक्ट, हैदराबाद 500 005

डॉ. एस. पी. अगरवाल
महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110 001

श्री. बी. के. पार्थसारथी
संसद-सदस्य (लोकसभा), 30 मीनावाग, नई दिल्ली

श्री. पोन राधाकृष्णन
संसद-सदस्य (लोकसभा) 85, सौथ अवेन्यू, नई दिल्ली

डॉ. दासरी नारायण राव
संसद-सदस्य (राज्य सभा) एस एम 7, आंध्र प्रदेश भवन, अशोक रोड, नई दिल्ली

डॉ जी मोहन गोपाल
निदेशक, नैषनल ला स्कूल आफ इंडिया, नगरभावी, बैंगलोर 72

प्रो. एस. के. शर्मा
निदेशक, पी जी इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल एजुकेषन एंड रिसर्च, चंडीगढ 12

प्रो. के. के. तलवार
कार्डियालजी विभाग, अखिल भारत आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

सचिव, भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली

श्री. के. राममूर्ति
सचिव, केरल सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
सचिवालय, तिरुवनन्तपुरम

श्री अरुण शर्मा
संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार
विज्ञान व तकनालजी विभाग, तकनालजी भवन
न्यू मेहरौली रोड, नई दिल्ली

डॉ. जी. एस भुवनेश्वर
अध्यक्ष, बयोमेडिकल तकनालजी खंड
श्री चित्रा संस्थान, पूजप्पुरा, तिरुवनन्तपुरम

प्रो. के. मोहनदास
निदेशक, श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान एवं तकनालजी संस्थान, तिरुवनन्तपुरम

शासी समिति

डॉ. आर. चिदंबरम
मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार
318, विज्ञान भवन अनेक्स, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली

प्रो. वी. एस. राममूर्ति
सचिव, भारत सरकार, विज्ञान व तकनालजी विभाग
तकनालजी भवन, न्यू मेहरौली रोड, नई दिल्ली 110 016

डॉ. एस. पी. अगरवाल
महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, निर्माण भवन, नई दिल्ली

प्रो. एम. एस. वलियत्तान
अध्यक्ष, राज्य विज्ञान, तकनालजी एवं पर्यावरण समिति, केरल सरकार
सचिव, केरल सरकार शास्त्र भवन, पट्टम पोस्ट, तिरुवनन्तपुरम

प्रो. चित्रा सरकार
पथालजी विभाग, अखिल भारत आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली

डॉ. के. ए. दीनशाह
निदेशक, टाटा मेमोरियल हास्पिटल और कैनसर रिसर्च इंस्टिट्यूट
परेल, मुंबई

डॉ. जी. एस भुवनेश्वर
अध्यक्ष, बयोमेडिकल तकनालजी खंड
श्री चित्रा संस्थान, पूजप्पुरा, तिरुवनन्तपुरम

प्रो. आर. एन. भट्टाचार्य
प्रो. तथा अध्यक्ष, न्यूरोसर्जरी विभाग
श्री चित्रा संस्थान, तिरुवनन्तपुरम

प्रो. के. मोहनदास
निदेशक, श्रीचित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान तथा तकनालजी संस्थान
तिरुवनन्तपुरम

संक्षिप्त भूमिका

2003-2004 का वर्ष सफलता, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता-प्राप्ति तथा संस्थान की अग्रतर प्रगति का वर्ष था। बयो-मेटीरियलों और मेडिकल उपस्करों के परीक्षण एवं मूल्यांकन केलिए बयोमेडिकल तकनालजी प्रयोगशालाओं का ऐ एस ओ 17025 के स्तर पर प्रमाणन इस वर्ष की मुख्य सफलता रहा। इस तरह यह संस्थान दक्षिण एशिया भर में ऐसा प्रथम संस्थान हो सका है। प्रौद्योगिकी विकास में संस्थान के सफल प्रयत्नों में भारत में स्थानीय रूप से निर्मित तकनालजी पर आधारित मेडिकल उपस्करों का उद्योग प्रारंभ करने का रास्ता खुल सका। अंतर्राष्ट्रीय मानकों की परीक्षण-सुविधाएं देने से मेडिकल उपस्करों के उद्योग को ऐ एस ओ प्रमाणन प्रोत्साहन दे सकता है। मेंब्रेन आक्सिजनेटर का वाणिज्यिक उत्पादन इस वर्ष के दौरान प्रारंभ की हुई उद्योग-प्रायोजित प्रथम प्रमुख परियोजना है। टिष्यू एंजिनीयरी और स्टेम सेल तकनालजी पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन चला जिसमें बहुत अच्छी उपस्थिति थी। यह संस्थान में एक टिष्यू एंजिनीयरी सेंटर प्रारंभ करने की भूमिका रही। साथ ही विविध रोपणों की प्रगति तकनालजी विकास की प्रगामी दशा और तकनालजी स्थानांतरण तक पहुँची। संस्थान ने पहचान लिया कि आगे चलकर तकनालजिक विकास औद्योगिक सहायता और संरक्षण से ही संभव है। उसने स्थानीय स्वास्थ्यसेवा उद्योग को बाजिब दाम पर वाणिज्यिक स्तर से व्यावहारिक उपस्करों के उत्पादन केलिए सहायता देने की ज़रूरत भी समझ ली। अतएव संस्थान भारतीय मेडिकल उपस्कर उद्योग के क्षेत्र में अपने को उत्प्रेरक और सरलीकारक स्थापित करने केलिए प्रयत्नशील है।

एक समर्पित आपरेषन तियेटर कांप्लेक्स और कॉणजेनिटल कार्डियक सर्जरी केलिए सर्जिकल इन्टन्सीव केयर यूनिट की स्थापना ने पीडियाट्रिक तथा नियोनेटाल कार्डियालजी को सुपुष्ट करने के विषय में संस्थान की प्रतिबद्धता पर फिर से ज़ोर दिया। रोगियों की संख्या में सीमित वृद्धि और संस्थान को बढती जटिलता के मामलों की सिफारिश करते जाने की प्रकृति से जनता का संस्थान पर विश्वास बने रहने का प्रमाण मिलता है। संस्थान ने इसकी प्रतिक्रिया में वर्तमान सेवा को अधिक क्रमबद्ध और हढतर कर दिया। पेशे के लोगों ने भी संस्थान पर दृढ आस्था रखी है, यद्यपि अडोसपडोस में कुकुरमुत्तों की तरह उपकेंद्र निकलते जा रहे हैं। संस्थान नई सुविधाएं बढ़ा रहा है और रोग निर्धारण एवं चिकित्सा के उपायों में नवीनतम साधनों का उपयोग कर रहा है।

कोरोणरी आर्टरी रोग, अथीरोजेनेसिस, कार्डियोमयोपैथी, मयोकार्डियल, मेकानिक्स, एपिलप्सी, मूवमेंट डिसोर्डर तथा सेरेब्रोवास्कुलर असामान्यताओं पर चिकित्सात्मक एवं बुनियादी वैज्ञानिक अनुसंधान जारी है। इसकी प्रगति संतोषजनक रही। नानोपार्टिकिल पर आधारित ओरल इंसुलिन डेलिवरि की संकल्पना को एक चूहे के माडल में सफलतापूर्वक दिखाया गया। (एन एम ऐ टी एल ऐ कार्यक्रम)। इसके आधार

पर इसी योजना के अधीन सी एस ऐ आर ने औद्योगिक सहभागिता के साथ दूसरी विकास दिशा की अनुमति दी है।

अच्यूत मेनोन स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र के पास 12 से भी अधिक शोध-परियोजनाएं हैं। इनमें तीन अंतर्राष्ट्रीय सहयोगवाले कार्यक्रम हैं। कई परामर्शदाता कार्यक्रम हैं। इनके अलावा एम पी एच पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या बढती जा रही है। सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान में वह प्रगतिशील है। मेक आर्थर फौंडेषन की आर्थिक सहायता से प्रायोजित जेंडर कार्यक्रम तथा एथिक्स और मातृस्वास्थ्य के अल्पावधि के पाठ्यक्रम लोकप्रिय हो गये हैं। अधिक बार ये पाठ्यक्रम चलाने की माँग आ रही है। उससे लोकप्रियता प्रमाणित है।

इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशाब्द में अकादमिक, पेशेगत और आर्थिक चुनौतियों से जूझते हुए संस्थान आगे बढ रहा है। वह विश्वास आर्जित कर रहा है। परन्तु अपनी प्रगति के विषय में संतुष्ट नहीं रहता, आगे बढ रहा है।

2003-2004 **की मुख्य घटनाएं**

बयोमेडिकल तकनालजी खंड की टेस्टिंग प्रयोगशालाओं के ऐ एस ओ (17025 स्तर पर प्रमाणन)

प्रथम ऐ एस ओ प्रमाणित उपस्कर मूल्यांकन अध्यक्ष प्रो. आर चिदंबरम द्वारा लोकार्पण किया गया।

उद्योगद्वारा प्रायोजित प्रथम परियोजना मेंब्रेन आक्सिजनेटर का वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ

विज्ञान व तकनालजी विभाग, भारत सरकार तथा यू एस नैषनल साइन्स फौंडेषन द्वारा प्रायोजित-टिष्यू एंजिनीयरी और स्टेम सेल टेकनालजी पर भारत-अमेरिकी कार्यशाला 2-3 फरवरी 2004 को संपन्न हुई

कार्डियक अनस्थीशियालजी और न्यूरो अनस्थीशियालजी में डी एम पाठ्यक्रम का प्रारंभ

ऐ ऐ टी बंबई के साथ एम टेक (बयो मेडिकल टेकनालजी) पाठ्यक्रम शुरू करने समझौते हस्ताक्षरित हुए

एक समर्पित कॉणजेनिटल कार्डियक सर्जरी यूनिट का उद्घाटन हुआ।

एपिलप्सी आपरेशन की संख्या 500 को पारकर चुकी

नानो पार्टिकिल आधारित ओरल इंसुलिन डेलिवरि का संकल्प सफलतापूर्वक जानवरों में जाँचा गया।

बयोमेडिकल तकनालजी का विकास

कोफ्राक एस्सेयिस 1-143

फ्रांस के कोमैट फ्रांकासिस डी अक्रडिटेषन (कोफ्राक) द्वारा संस्थान की परीक्षण-प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन (अक्रेडिटेषन) इस वर्ष की मुख्य सिद्धि कहला सकता है। ऐ एस ओ 17025 के अधीन यह अक्रेडिटेषन 1 नवं 2003 से 5 वर्षों केलिए अमल में रहेगा। जुलाई 2003 के प्रथम सप्ताह में कोफ्राक ने स्थानीय जाँच (सैट आडिट) की। डॉ ए. के. चक्रवर्ती, डायरेक्टर, नैषनल अक्रेडिटेषन बोर्ड फोर टेस्टिंग एंड कालिब्रेषन लैबरेटरीज़ (एन ए बी एल) निरीक्षक थे। कोफ्राक्ट जाँच कर्ताओं के मत में प्रथम जाँच में इतनी अच्छी प्रस्तुति करनेवाले बहुत कम संस्थान हैं, जो कम कमियाँ रखते हैं और पहली बार ही स्वीकार किये जाते हैं।

भारत सरकार के विज्ञान व तकनालजी विभाग के माननीय मंत्री श्री बच्ची सिंह रावत ने ऐ एस ओ 17025 अक्रेडिटेषन पाई प्रयोगशालाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। संस्थान के अध्यक्ष तथा भारत सरकार के मार्गमंडल के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार डॉ आर. चिदंबरम ने अध्यक्षता की। प्रथम परीक्षित रिपोर्ट (कोफ्रांक चिह्नांकित) इस कार्यक्रम में सहनानंद मेडिकल टेकनालजीस प्राइवेट लिमिटेड सूरत तथा टेरुमो पेनयोल, तिरुवनन्तपुरम को दिये गये।

मेंब्रेन आक्सिजनेटर का चिकित्सामूल्यांकन तथा उसका तकनालजी स्थानांतरण इस वर्ष के दौरान सफलतापूर्वक किया गया। औद्योगिक साझेदार ने वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया। कई नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं और अन्यों की प्रगति अच्छी रही। नीचे इन कार्यकलापों का विस्तृत ब्योरा दिया गया है।

सहजानंद मेडिकल टेकनालजीस (प्रा) लिमिटेड के द्वारा निर्मित एक ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट का चिकित्सा पूर्व मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उक्त उद्योग ने जन 2004 में मुंबई परआयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में उसके आंकडे पेश किये।

मेडिकल उपस्कर उद्योग, अनुसंधान संस्थाएं तथा छात्र इस संस्थान के बयोकंपाटिबिलिटि एवाल्युवेषन और अनलिटिकल टेस्टिंग सेवाओं का प्रोत्साहन करते आये हैं। वर्ष के दौरान बाहरी स्रोतों से ऐसे अध्ययन और परीक्षण करने केलिए 25 लाख रुपए का ठेका संस्थान को प्राप्त हो गया।



सहजानंद कोरोणरि स्टेंट का सेम
अच्छा स्तर-फिनिष दिखाता है

उत्पाद निर्माण एवं तकनालजी स्थानांतरण

(A) कृत्रिम अंतरंग अवयव

मोडलिंग और प्रोटोटैपिंग में तथा डिवैसस टेस्टिंग लैबरेटरीस से युक्त कृत्रिम अंतरंग अवयव विभाग निम्नलिखित विभिन्न उत्पादों के निर्माण में व्यक्त है।

मेंब्रेन आक्सिजनेटर और हेमोकान्संट्रेटर

मेंब्रेन आक्सिजनेटर का दूसरे स्तर का चिकित्सा मूल्यांकन कार्डियोवास्कुलर और थोरासिक सर्जरी विभाग के संयुक्त नेतृत्व में मार्च 2004 में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस मूल्यांकन केलिए ज़रूरी एक उद्योग द्वारा तैयार करके पहुँचाया गया। देश भर में फैले छः केंद्रों में विभिन्न ओपन हार्ट सर्जरि केलिए कुल 120 आक्सिजनेटर काम में लाये गये। तुलनात्मक अध्ययन केलिए आयातित उपस्करों से संबंधित आंकडे भी इकट्टे किये गये। अध्ययन का परिणाम स्पष्टतः बताता है कि स्वदेशी आस्किजनेटर सुरक्षा और सक्रियता में आयातित आक्सिजनेटर जितना ही अच्छा है। वाणिज्यिक उत्पादन और बिक्री प्रारंभ की गई है।

इस वर्ष के दौरान सिडु चेन्नै के प्रायोजनकल में हेमोकांसंट्रेटर का निर्माण संतोषजनक प्रगति कर सका। मशीनीकृत प्रोटोटैपों से बूचंड खाने का गोरक्त काम में लाते हुए पात्रे प्रयोग किये गये। परीक्षण के परिणाम के आधार पर 0.4 वर्गमीटर मौडल के अभिकल्प को अंतिम रूप दिया गया।

सेंट्रिफ्यूगल पंप

विज्ञान व तकनालजी विभाग की आर्थिक सहायता से चालू सेंट्रिफ्यूगल पंप के निर्माण की परियोजना की अंतिम तारीख मार्च 31 2004 तक बढाई गई। मूल लक्ष्य प्राप्त करने की दृष्टि से काफी प्रगति हो सकी है। इस वर्ष के दौरान जो प्रगति हुई वह निम्नलिखित है-

* जानवर का खून इस्तेमाल करके किये पात्रे परीक्षणों से प्राप्त निष्कर्ष का विश्लेषण अभिकल्प और उसके फ्रीज़िंग को अधिकतम कर सका।
* जानवर का खून काम में लाकर किया पात्रे मूल्यांकन अच्छे परिणाम के साथ पूरा किया गया। प्रयुक्त परीक्षण कसौटियाँ थी - रक्त हानि का स्तर, प्रैमिंग वाल्युम, निम्नस्तर का ताप प्रवाह, तथा तुलनात्मक शीघ्रता पर पंप का कार्यनिष्पादन

इस ड्राइव यूनिट के संचालक का विकास इस वर्ष के दौरान प्रथम ड्राइव तथा कंट्रोल यूनिट के मान्यकरण के साथ संतोषजनक प्रगति कर सका। सँचालक चार वाणिज्यिक ड्राइव यूनिटों का निर्माण कर रहा है।

यह परियोजना इस दशा में है कि पोलिकार्बनेट पंप कोंपेणन्टों के निर्माण केलिए इन्जेक्षन मोल्डों में अच्छी राशि व्यय करने की ज़रूरत है। इसके बाद चिकित्सा मूल्यांकन प्रारंभ करने के पहले प्रोडक्षन मोडल पंप हेडों के विषय में सुरक्षा व कुशलता की दृष्टि से अंतिम पात्रे व जीवे बडे जानवरों में मूल्यांकन पूरा करना है।

कृत्रिम हार्ट वाल्व

चित्रा वाल्व का नया मोडल। डी एस ऐ आर के पाटसेर कार्यक्रम के अधीन टी टी के हेल्थ केयर लिमिटेड की साझेदारी में एक औद्योगिक सहयोगी परियोजना को स्वीकृति दी गई। तीन वर्षीय परियोजना का ध्येय थ्रोंबोटिक पोटेंश्यल को कम करते हुए एक सुधारा बेहतर माडल निर्माण करना है। साथ ही एम आर ऐ

सेंट्रिफ्यूगल ब्लड पंप का इन विट्रो परीक्षण

सेंट्रिफ्यूगल ब्लड पंप - डिसपोसविल हेड

डॉ आर चिदंबरम, अध्यक्ष, प्रो. वी. एस. राममूर्ति, सचिव डी एस टी, श्री पी जी एस मणि - निदेशक (ऐ एफ सी पी ए आर) तथा डॉ हरिगोपाल - सलाहकार डी एस टी 4-12-2003 को लैबरेटरी में

समायोजनीयता तथा मेटल केज के अधिक आसान निर्माण भी अपेक्षित है। नया अभिकल्प यहाँ पहले किये हुए उत्तम प्राप्ति के अध्ययन पर आधारित है। इस समय चलनेवाले कार्यकलापों में मेटीरियल सोर्सिंग, डिसैन वालिडेषन और प्रोटोटैप फाब्रिकेषन शामिल हैं।

हार्ट वाल्व के नये आकार का निर्माण

टी टी के हेल्थकेयर लि. के सहयोग से तीन नये आकारों के टी टी के चित्रा हार्ट वाल्व निर्माण की संयुक्त सहभागी परियोजना वर्ष के दौरान काफी प्रगति कर सकी। प्रोटोटैप वाल्वों ने आक्सिलरेटर सैक्लिंग के 200 मिलियन सैकिल पूरे किये हैं। 2004 के मध्य तक यह मूल्यांकन पूरा हो जाएगा। कंपनी की योजना है कि इन आकारों के वाल्व 2004 के चौथे चरण में बाज़ार में उपलब्ध कराया जाय।

हैड्रोसेफालस जंट्स

सक्रियता मूल्यांकनार्थ टेस्ट सिस्टम

गत वर्ष हिन्दुस्तान लाटेक्स, तिरुवनन्तपुरम द्वारा प्रायोजित हैड्रोसेफालस षंटों को 100% योग्य साबित करने मार्क II कंप्यूटरैस्ड् टेस्ट सिस्टम का निर्माण पूरा किया गया और उन्हें दे दिया गया। प्रत्यक्ष निर्माण के पहले प्लैंट सैंट पर टेस्ट सिस्टम का अंतिम प्रमाणन

किया जा रहा है। नई व सुधारी हुई 30 चैनल कंप्यूटरैस्ड् टेस्ट सिस्टम कंपनी को अतिरिक्त मानव-श्रम के बिना उत्पादन-क्षमता बढा सकी है।

वास्कुलर ग्रैफ्ट

बहुकेंद्रित चिकित्सा मूल्यांकन केलिए छः भिन्न भिन्न आकारों के 100 वास्कुलर ग्रैफ्ट का परीक्षणार्थ निर्माण पूरा किया गया। तकनालजी स्थानांतरण के अंग के रूप में टी टी के हेल्थ केयर चेन्नै के कार्मिकों को वास्कुलर ग्रैफ्टों के संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण में प्रशिक्षण दिया गया।

रेटिनल बैंड्स

फ्लैष की फैब्रिकेषन आफ सिलिकोण रेटिना बैडों के निर्माणार्थ एक उचित प्रविधि टूल रूम एवं एंजिनीयरी डिविषन की सहभागिता से आविष्कार की गई। इस प्रविधि का निर्माण हो चुका है और मानकीकरण चल रहा है।

चेस्ट ड्रेयिनेज कथीठेर्स

चेस्ट ड्रेयिनेज कथीटरों के निर्माण की तकनालजी का स्थानांतरण सेफ मेड, तिरुवनन्तपुरम को किया गया है। तकनालजी स्थानांतरण के अंग के रूप में उक्त कंपनी के निर्माण दल को 2003 के दौरान प्रशिक्षण दिया गया।

(बी) बयोमेटीरियल और उपस्कर

फैब्रिन ग्लू

थ्रोंबोसिस रिसर्च यूनिट द्वारा निर्मित तथा ए टी एम आर एफ अहमदाबाद द्वारा प्रायोजित फैब्रिन ग्लू का निर्माण और परीक्षणार्थ उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्तर की वैरल इनएक्टिवेषन प्रविधियों के प्रमाणन को पूरा करने में उठी काफी कठिनाइयों के कारण मंदगति का हो गया। वैरल इनएक्टिवेषन की दो नई प्रविधियाँ स्तरीकृत की गईं। सी एम सी, वेल्लूर के क्लिनिकल वैरालजी विभाग की सहभागिता में प्रमाणन का अध्ययन प्रारंभ किया गया। आशा है कि 2004 के उत्तरार्ध में यह उत्पाद चिकित्सा-परीक्षण केलिए तैयार हो जाएगा।

हैड्रोक्सियापटैट तथा बयोग्लास

बयोएक्टीव ग्लास कांपोसिटों का दंत चिकित्सा प्रयोग में चिकित्सा परीक्षण पूरा होने के साथ प्रगति का एक मील का पत्थर जुड गया है। डेंटल कालेज, तिरुवनन्तपुरम में पेरियोडोंटिक्स विभाग के अध्यक्ष एवं प्रो. के नन्दकुमार ने यह अध्ययन किया। चिकित्सा मूल्यांकन और रेडियोग्राफिक परिवर्तन ने चित्रा - एच ऐ बी जी कांपोसिट दानों का रीजेनेरेटीव प्रभाव दिखाया है। साथ ही उसने क्लिनिकल अटाचमेंट लेवल में स्पष्ट लाभ दिखाया। पाकेट डेप्थ के प्रोनिंग में कमी हुई है।

न्यूरोसर्जरि केलिए हैड्रोक्सियापटैट बरहोल बट्टन का चिकित्सा-मूल्यांकन हमारे न्यूरोसर्जरि विभाग में प्रारंभ किया गया है। स्पैनल सर्जरी तथा लिलाक क्रेस्ट रिकंस्ट्रक्षन केलिए एच ए बी जी के

चित्र 2 - निम्नलिखित चिकित्सा - समस्याओं में चित्रा पोरस हैड्रोक्सियापटैट ग्रैन्यूलों के उपयोग दिखानेवाले एक्सरे रेडियोग्राफ (1) बोण डी वी डिफक्ट इन ठेमर (2) टिबियल फ्रैक्चर (3) रिस्ट फ्रैक्चर (4) स्कोलियोसिस करेक्षन (5) स्पौंडेलियोलिस्थेसिस (6) डीजेमरेटीव स्पैन और (7) ओस्टियोसर्कोमा

उपयोग पर दूसरा चिकित्सात्मक अध्ययन अमृत इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंस, कोच्चिन के ओर्थोपीडिक्स विभाग में चल रहा है।

डेंटल कांपोसिट

चार डेंटल उत्पादों के केमिकल क्यूअर, लैट क्युअर, रेडियोओपेक डेंटल कांपोसिट तथा डेंटैन बोंडिंग एजेंट - तकनालजी स्थानांतरण में बडी बाधा उठ खडी हुई। इसमें सहयोगी उद्योग कार्यक्रम से पीछे हट गया। एक नये उद्योग - सहयोगी का पता करने का गहन परिश्रम चल रहा है।

इसी बीच ड्युअल-क्युअर कांपोसिट, रेयिन सिमेंट, इंप्रेषन मेटीरियल और ग्लास अयोणोमर सिमेंट जैसी नई सामग्रियाँ निर्माणाधीन हैं। आशा है कि इस विकसित सामग्री से शीघ्र ही उद्यमियों को अधिक आकर्षण की अनुभव होगा।

घाव की पट्टियाँ

डैनामिक टेकनो मेडिकल्स प्रा. लिमिटड, आलुवा को पर्याप्त संख्या में घाव की पट्टियाँ तैयार कर देने के साथ चार केंद्रों में चिटोसन घाव की पट्टियों का बहुकेंद्रित मूल्यांकन प्रारंभ किया गया। अब तक मिले परिणाम सूचित करते हैं कि चिटोसन घाव पट्टियों का उपयोग पुराने घावों को शीघ्र भरने में मदद देता है। अधिक मूल्यांकन चल रहा है।

इसी कंपनी के प्रायोजकत्व में संस्थान की पोलिमर अनालिसिस लैबरेटरी में सिल्वर - ओक्सैड कोटड पट्टियों का निर्माण पूरा किया गया है। गत वर्ष इस उत्पाद का चिकित्सा मूल्यांकन नहीं कर सके। अगले वर्ष इसी उद्योग की सहकारिता में चिकित्सा मूल्यांकन करने का प्रस्ताव है।

इंट्रा ओकुलर लेन्स का हेपारिन कोटिंग

आरोलैब, मदुरै के प्रायोजकत्व में इंट्रा ओकुलर लेन्सों के हेपारिन कोटिंग की परियोजना पूरी की गई है। प्रविधि का मानकीकरण और तकनालजी स्थानांतरण प्रारंभ किये गये हैं। तकनालजी स्थानांतरण पूरा करने पर 2004 के उत्तरार्ध में चिकित्सा मूल्यांकन प्रारंभ होगा। प्रायोजक के मदुरै प्लांट में प्रारंभिक उत्पादन भी शुरू होगा।

(सी) डयग्नोस्टिक्स और इंस्ट्रुमेंटेषन

ऐंटिबयोटिक सेंसिटिविटी आफ मास्टिटिक मिल्क - जाँच का फील्ड किट 120 किटों का विस्तृत क्षेत्रीय परीक्षण पूरा किया गया। बहुत अच्छे परिणाम मिले। इस संकल्पना को सही और किट को व्यावहारिक उपयोगिता सिद्ध हुई। दिलचस्पी लेनेवाली दो कंपनियों के साथ पत्राचार शुरू हुआ है। मूल्यांकन एवं प्रतिक्रिया केलिए उन्हें नमूने भेज दिये गये हैं। इस उत्पाद केलिए दिलचस्पी लेनेवाली अन्य उद्यमियों का पता करने का यत्न भी जारी है।

डिस्पोसबिल ई सी जी एलक्ट्रोड्स

डिस्पोसबिल ई सी जी एलक्ट्रोड्स के निर्माण का कार्य जारी रहा। एलक्ट्रोड्स को जाँचने केलिए एक टेस्ट सेट अप का निर्माण पूरा हो गया। लैबरेटरी में जोडे गये ई सी जी एलक्ट्रोड्स का परीक्षण किया गया। वे अमेरिका नैषनल स्टान्डेर्ड ए एन एस ऐ/ए ए एम/ईसी 12:2000 की माँग को पूरी करते पाये गये। एलक्ट्रोड केलिए एक कंडक्टीव पोलिमर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। एक कंबैन्ड स्नाप कनेक्टर एंड एलक्ट्रोड केलिए एक साँचा निर्माण किया जा रहा है।

आर्टिफैक्ट फ्री ब्रीथिंग माणिटर

6 - एलक्ट्रोड कॉणफिगरेषन से थोरासिक इंपेडेन्स रिकार्ड करने केलिए एक यंत्र का निर्माण किया गया। वह किसी आर्टिफेक्ट मूवमेंट के बिता साँस की गति को मापने में सफल निकला। शरीर चेष्टा के रहते और उसकी गैरहज़िरी में वालंटियरों से साँस के आंकडे निरंतर रिकार्ड करने केलिए पी सी को इंटरफेस और संबद्ध साफ्टवेयर तैयार किये जा रहे हैं।

(डी) तकनालजी स्थानांतरण सेवाएं

तकनालजी स्थानांतरण कक्ष

समझौल पत्र एवं लाइसेंस अनुबंध की तैयारी सैंस नेमी कार्य संभालता था। बी एम टी खंड में निर्मित एवं वाणिज्यिक दृष्टि से चाऊ तकनालजियों केलिए उपयुक्त उद्यमियों का पता लगाता और स्थानांतरित तकनालजी का निरीक्षण करता रहता मुख्य कार्यकलाप हैं। इस वर्ष के दौरान निर्माण केलिए धारणापत्र की तैयारी एवं व्यावहारिकता के अध्ययन के बाद अनुवर्तित (फालोड अप) तकनालजियाँ

1. ऐ ओ एल का हेपरिनैसेषन - जारोलाब मदुराई, तमिलनाड
2. चिटोसन आधारित घाव की पट्टिया डयनामिक टेकनोमेडिकल्स (प्रा.) लि. आलुवा
3. चेस्ट ड्रेयिनेज लूबिंग्स साफेमेड, तिरुवनन्तपुरम

निम्नलिखित के विषय में तकनालजी स्थानांतरण केलिए लिखापढी चल रही है

1 मस्टिटिक दूध की एंठिबयोटिक सेंसिटिविटि जाँचने फील्ड किट

2 ओर्थोपीडिक तथा डेंटल प्रयोगों केलिए बयोसेरामिक पौडर

3. डेंटल कांपोसिट

सुधारे गये हार्ट वाल्व के निर्माण के संबन्ध में तकनालजी के वाणिज्यीकरण केलिए लैसेंस का समझौता टी टी के हेल्थकेयर, चेन्नै के साथ अगले वर्ष करने का निश्चय हुआ है। यह तकनालजी टी टी के हेल्थ केयर तथा श्रीचित्रा संस्थान को डी एस ऐ आर से दी हुई पैटसर प्रोजक्ट की अर्थव्यवस्था पर आधारित है।

तकनालजी प्रूविंग फेसिलिटि

स्वच्छ क्षेत्रों का नियमित रखरखाव किया गया तथा विभिन्न परियोजनाओं केलिए सुविधाएं दी गईं-

1. डी ओ पी एल, अंकमालि के साथ बयोसर्फस तकनालजी द्वारा घाव की पट्टियों की सामग्री का निर्माण

2. टी टी के हेल्थकेयर, चेन्नै के साथ डिवैसेस टेस्टिंग लैब द्वारा वास्कुलर ग्रैफ्ट का निर्माण

3. सेफमेड, तिरुवनन्तपुरम के साथ डिवैसस टेस्टिंग लैब द्वारा चेस्ट ड्रेयिनेज ट्यूब का निर्माण

जाँच, गुणवत्ता प्रणाली, प्रबंधन और तकनीकी सेवाएं

(ए) जाँच सेवाएं

ग्राहक सेवाएं

ग्राहक सेवा कक्ष सभी प्रार्थनाओं से निपट लेता है। उनमें शोध संस्थाएं विश्वविद्यालय, कालेज एवं छात्र शामिल हैं। ज़रूरी फार्म और सूचनाएं दी जाती हैं। प्रयोगशालाओं में वाजिब प्रवेश देनेवाले टेस्टों में उचित चुनने में सहायता भी दी जाती है। बाहरी ग्राहकों से करीब 200 टेस्ट अनुरोध प्राप्त हुए। करीब 1000 बाहरी नमूनों का विश्लेषण किया गया। इतनी ही संख्या में अंतरंग ग्राहकों की प्रार्थनाएं भी निपटाई गईं। नियमित रूप से बाहरी ग्राहकों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं और उनकी शिकायतों का समाधान किया गया।

(ए) जानेवाली जाँच सेवाएं

प्रयोगशाला व टेस्ट	बाहरी प्रार्थना	अंतरंग प्रार्थना	विश्लेषित नमूनों की संख्या
विश्लेषणात्मक जाँच/सामग्री लक्षण-निर्धारण			
पोलिमर विश्लेषण की प्रयोगशाला			
थेर्मल अनालिसिस इनफ्रा रेड/यू वी वि इस स्पेक्ट्रोस्कोपी एच पी एल सी, जी सी मेकानिकल प्रोपर्टीस	69	59	449
बयोसेरामिक्स एम रे डिफ्राक्षन और विक्केर्स मैक्रोहार्डनेस	31	4	156
स्कानिंग एलक्ट्रोण मैक्रोस्कोपी	21	33	215
ट्रान्समिषन एलक्ट्रोण मैक्रोस्कोपी	15	4	74
डेंटल प्रोडक्ट्स मेकानिकल प्रोपर्टीस आफ डेंटल मेटीरियल्स	17	3	251

बयोलजिकल मूल्यांकन

टिष्यूकल्चर सैटोटोक्सिसिटी			
और सेल अड्हीषन	6	29	105
थ्रोंबोसिस रिसर्च यूनिट			
इन विट्रो ब्लड कंपाटिबिलिटि	8	14	125
टोक्सिकालजी			
इंट्रामस्कुलर इंप्लान्टेषन और पैरजन टेस्ट	3	11	69

बयोलजिकल मूल्यांकन

क्र. सं.	प्रायोजक	शोध	मुख्य प्रयोगशाला
1	हिन्दुस्तान लाटेक्स तिरुवनन्तपुरम	नयी सामग्री सहित एच एल एल ब्लड जौगों में होल ब्लड स्टोरेज का मूल्यांकन बी. होल ब्लड बैगों और प्लाटलेट बैगों का मूल्यांकन	थ्रोंबोसिस रिसर्च यूनिट
2.	सहजानंद मेडिकल	एस्टिमेषन आफ दि इन विट्रो रिलीस आफ प्रोफैल टेकनालजीस (प्रा) लि. आफ दि ड्रग फ्रम स्टेरिलैज़ड् (ई टी ओ) एंड अणस्टेरिलैज़्ड् ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट्स	लैब फोर पोलिमर अनालिसिस
3.		इफक्ट आफ ईटीओ स्टेरिलैसेषन आण दि स्टेबिलिटि आफ पोलिमेर्स	लैब फोर पोलिमर अनालिसिस
4.		इफक्ट आफ ई टी ओ स्टेरिलैसेषन आण दि ड्रग इन्कोर्पोरेटड इन ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट्स	लैब फोर पोलिमर अनालिसिस
5.		बयोफंक्षनल एंड फार्माकोकैनेटिक एवाल्युवेषन आफ ड्रग कोटेड एंडोवास्कुलर स्टेट्स प्री क्लिनिकल एवाल्युवेषन इन पोर्सेन मोडल	विवेरियम
6.		एवाल्युवेषन आफ हेमोकंपाटिबिलिटि आफ एंटी रेस्टेनोसिस ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट्स - इन विट्रो फोर पोलिमर कोटेड एंड ड्रग कोटड स्टेंट	थ्रोंबोसिस रिसर्च यूनिट
7.		आक्सिलरेटड एजिंग स्टडीस ओण ड्रग कोटड स्टेंट्स	डिवैस टेस्टिंग लैब
8.		इन विट्रो एस्टिमेषन आफ हाफ टैम डिसीस पोयिंट (136) आफ ड्रग फ्रम ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट्स	लैब फोर पोलिमर अनालिसिस
9.		टाक्सिकालजिकल एवाल्युवेषन आफ ड्रग एल्यूटिंग एंडोवास्कुलर स्टेंट्स	टोक्सिकालजी

(बी) क्वालिटि सिस्टम मैनेजमेंट (गुणवत्ता प्रणाली प्रबंधन)

कोफ्राक आडिट के त्रिसदस्यीय दल ने 1 से 4 जुलाई 2003 तक अपना मूल्यांकन किया। डॉ ए. के. चक्रवर्ती निदेशक, एन ए बी एल निरीक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रस्तावित ध्येय पूर्णतः स्वीकार किया गया। मूल्यांकन एवं कोफ्राक बोर्ड द्वारा स्वीकृति के पश्चात संस्थान को प्रमाणन का प्रमाणपत्र दिया था, जिसकी संख्या एन 1-1433 है। प्रमाणन 1 नवं. 2003 से 5 वर्षों केलिए लग्गू है। पर वह समय समय पर निरीक्षण/परीक्षण के अध्यधीन होगा।

कालिब्रेषन सेवाएं (अंशशोधन सेवाएँ)

उपस्करों की अंशशोधन आवश्यकताएं, मापतौल में ट्रेसबिलिटि सुरक्षित रखना तथा बी एम टी खंड का रेफरेंस सामग्री की आवश्यकताओं का निर्वाह करना इस कक्ष का मुख्य कार्यकलाप है। पिछले वर्ष में इस कक्ष ने 300 से अधिक कालिब्रेषन किये। इनमें 210 कोफ्राक प्रमाणन की सेवा के अधीन टेस्टिंग सेवाओं से संबंधित थे।

अन्य उपविभागों के सहयोग में यह कक्ष टेस्टिंग कार्यकलाप में इन हौस रेफरन्स मेटीरियल (आर एम) निर्माण करने में प्रवृत्त है। इस वक्त चालू कार्य निम्नलिखित है-

अंतर-प्रयोगशाला तुलना के जरिये सैटोटोक्सिकलि टेस्टिंग केलिए इन हौस आर एमों का प्रमाणन पूरा किया गया है।

हेमोलिसिस टेस्ट केलिए उचित आर एम का निर्माण अब हाथ में लिया गया है।

गुणवत्ता कक्ष (क्वालिटी सेल)

गुणवत्ता कक्ष ने गुणवत्ता प्रणाली के नेमी निरीक्षण केलिए अपनी सहायता जारी रखी। समय-सारिणी के अनुसार दो आंतरिक परीक्षण चलाये गये। पुनरीक्षण और दस्तावेजों के पुनर्नवीकरण से गुणवत्ता स्तर का निरंतर विकास जारी रहा।

माइक्रोबयालजी

नियंत्रित परिस्थितियों का माइक्रोबयालजिकल निरीक्षण तथा जल का विश्लेषण इस कक्ष में नेमी सहायक कार्यक्रम हैं। अनुसंधान व निर्माण की सहायता में निम्नलिखित शामिल हैं - (1) सामग्रियों का एंटीमैक्रोबियल आक्टिविटि टेस्टिंग (2) बैक्टीरियल इन्टर आक्पन के विषय में बयोमेटीरियल का मूल्यांकन।

नेमी परीक्षण सेवाएं

1.	निर्जर्मिता टेस्ट	31
2.	स्पोर वयबिलिटि टेस्ट	12
3.	हवा का नियंत्रण	48
4.	एंटि-मैक्रोबियल आक्टिविटि	10
5.	स्टेयिनिंग एंड कल्चर	3
6.	जल विश्लेषण	55

एस ई एम, टी ई एम और अन्य विश्लेषणात्मक सेवाएं

तीन विश्लेषणात्मक सेवाएं वाहरी और अंतरंग ग्राहकों केलिए नेमी तौर पर सुलभ हैं। वे हैं - स्कानिंग एलक्ट्रोण माइक्रोस्कोपी (एस ई एम), एक्सरे डिफ्राक्टोमेट्रि (एक्स आर डी) तथा विक्केर्स मैक्रोहार्डनेस/गत वर्ष इस प्रयोगशाला ने मापतौल की अनिश्चिताओं का अनुमान पूरा किया तथा एक्स आर डी और मैक्रोहार्डनेस टेस्टिंग केलिए अंतर प्रयोगशाला तुलनात्मक अध्ययन किया। एस इ एम में 400 नमूनों से अधिक निरीक्षित हुए तथा एक्स आर डी केलिए 150 नमूने विश्लेषित हुए।

(सी) तकनीकी समन्वयन

बौद्धिक स्वत्वाधिकार एवं तकनीकी समन्वयन कक्ष

चार नये आवेदन दर्ज किये गये तो पुराने पाँच आवेदन स्वीकृत हुए। संस्थान के पेटंट व डिसैन की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है-

- पेटेंट (मुहरबंद किये) : 51 Nos.
- पेटेंट दर्ज किये, पर प्रतीक्षा में : 47 Nos.
- अभिकल्प (मुहरबंद किये) : 13 Nos.

श्रीचित्रा संस्थान में एक भारत-रूसी बयोमेडिकल टेकनालजी सेंटर स्थापित करने एक संयुक्त टेकनालजी प्रभाग प्रस्तावित हुआ। इस कक्षद्वारा संचालित बैठकों को डी एस टी, अंतर्राष्ट्रीय विभाग का समर्थन प्राप्त हुआ। अतिथि रूसी अकादमीश्यन प्रो. यूरि गुलियेव ने भी मार्च 2003 में इसका समर्थन किया।

एंजिनीयरी सेवाएं

- ब्लड पंप इंपेल्लर का एक बैच, हौसिंग टॉप एंड बोट्टम, पिवट बेयरिंग तथा सी एन सी मशीनों में प्लास्मा फिल्टर कंपोणंट्स निर्माण किये।
- थ्रोंबोसिस रिसर्च यूनिट केलिए एक सिरिंज होल्डर कॉलम असेंब्ली तथा दो ट्यूब होल्डर ब्लॉक का अभिकल्पन एवं निर्माण किया।
- पोलिमर केमिस्ट्री लैब केलिए एक वर्सट टेस्ट सेट अप फिक्सचर का अभिकल्पन और निर्माण किया।
- बयोसिरामिक लैब केलिए स्पैनल स्पेसर केलिए एक अकिलिक मोल्ड का अभिकल्पन और निर्माण किया।
- टोक्सिकालजी लैब केलिए बोण पंचर करने 6 सेट स्टैलैट का अभिकल्पन और निर्माण किया।

यह विभाग बी एम टी खंड में बिजली, पानी, ड्रेयिनेज, एयर कंडीषनिंग और टेलफोण आदि विभिन्न ज़रूरी सेवाओं के संचालन तथा रखरखाव में सहायता करता रहा।

कुछ मुख्य कार्यकलाप

- दो जेनरेटरों के बोझ को बाँटते हुए पूरे कैंपस को जेनरेटर चालित बिजली देने केलिए वर्तमान वितरण प्रणाली का पुनर्गठन किया।
- एक नया इंसिनेरेटर स्थापित किया। यह सी पी सी डी नियमों का पूरा पालन करता है। इसमें एक कोरोषन फ्री ब्रिक चिमनी भी है।
- जानवर प्रयोग कक्ष (अनिमल एक्सपेरिमेंटल रूम) केलिए अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार तापमान आर्दता और उचित हवा-बदलाव जैसी नियंत्रित पारिस्थितिक शर्तों का निर्वाह किया। यह प्रत्येक जानवर प्रयोग कक्ष में अलग एनर्जी रिकवरि वेंटिलेटर, जीह्यूमिडिफयर और एयरकंडीषनिंग प्लैंट स्थापित करके निबाहा गया।
- जीवशाला के चारों ओर 2 मीटर के विस्तार में रेप्टैल फ्री स्थान की व्यवस्था की ताकि जानवरों के निवास को चूहों से सुरक्षित किया जाय।

बी एम टी खंड पुस्तकालय

पुस्तकालय में 9351 पुस्तकों और 6106 पुरानी पत्रिकाओं की जिन्दों का संग्रह है। चालू वर्ष में 277 पुस्तकें और 109 पुरानी पत्रिकाएं जोडी गईं। फिलहाल 65 पत्रिकाओं का चंदा दिया जाता है। संग्रह में 1990 मानक और 270 पेटेंट भी शामिल हैं।

पुस्तकालय की सूचना प्रबंधन प्रणाली युनेस्को सोफ्टवेयर सी डी एस/ऐ एस ऐ एस पर आधारित है। इसी प्रणाली पर पुस्तकों की प्राप्ति, वितरण, सीरियल नियंत्रण और सूचीपत्र निर्माण किये जाते हैं। पुस्तकालय वर्तमान सूचियों के डाटाबेस, उपलब्ध हैं - जिनमें एंजिनीयरी, कंप्यूटिंग, फिसिकल व केमिकल साइंस तथा लैफ साइंस शामिल हैं। सी डी रोम पर इंडियन पेटेंट डाटाबेस भी खरीदा जाता है। इंट्रानेट के माध्यम से पुस्तकालय संबंधी सूचनाएं दोनों खंडों को प्राप्त होती हैं।

गुणवत्ता प्रणाली की सहायता करने के मद्दे-पुस्तकालय सारे संबद्ध राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मानकों की नवीनतम जानकारी रखता है। इस वर्ष के दौरान 70 मानक के लक्षण ग्रंथालय के संग्रह में जोड दिये गये। ए एस टी एम स्टैंडेड्र्स आण सी डी रोम की मेडिकल उपस्कर एवं सेवा विभाग का चंदा दिया जाता है।

बयोमेटीरियल अनुसंधान और निर्माण

बयोसेरामिक्स

बयोसेरामिक्स

सिंथेठिक बोण सबस्टिट्यूट का निर्माण ही बयोसेरामिक प्रयोगशाला का मुख्य शोध-विषय है। इस समय यह प्रयोगशाला कैल्सियम - बेस्ड् बयोसेरामिक्स, बयोएक्टीव गिलास तथा उनके घटकों व सिमेंटों के सिंथेसिस व टेस्टिंग में व्यस्त है।

ड्रेसडण यूनिवर्सिटी, जर्मनी से आये एक टीम की सहयोगिता में ट्रान्सपेरेंट हैड्रोक्सि आपटैट (एच ए पी) तथा हैड्रोक्सि अपटैट (एच ए पी) तथा हैड्रोक्सि आपटैट बयोग्लास कांपोसिट (एच ए बी जी) का सेल कल्चर अध्ययन प्रारंभ किया गया है। यह कार्य मेटीरियल सेल इंटरएक्षन और बयोमिमेटिक कोंपौंडों पर केंद्रित है।

एक नया कैरेक्टरैसेषन उपस्कर मेर्कुरि पोरोसिमेटर (पोरमास्टर मॉडल क्वांटाक्रोम इंस्ट्रुमेंट्स) स्थापित हुआ है। यह उपस्कर ओपन पोर सैस, उनका वितरण, योग्य मेटीरियलों में नेक रेडियस आदि के प्रधान आंकडे देता है। ये रोपण की हुई सामग्री के भरने का निर्णय करने में महत्वपूर्ण हैं।

सेल्फ सेट्टिंग काल्सियम फोसफेट बोण सीमेंट के निर्माण का कार्य संतोषजनक प्रगति कर सका। अब बयोकंपाटिबिलिटि और सुरक्षा मूल्यांकन के अधीन है। बोण होलिंग में सामग्री की सामर्थ्य खरगोश के माडल में जाँची जा रही है। सिमेंट का इंजेक्टाबिल फार्मुलेषन (फुल्ली इंजेक्टबिल कैल्सियम फोसफेट अब बयोकंपाटिबिलिटि मूल्यांकन के अधीन है।



इंजेक्ट करने योग्य कैल्सियम फोस्फेट सिमेंट

नैषनल इंस्टिट्यूट आफ अड्वान्स्ड् सैन्स एंड टेकनालजी, चुबु सेंटर, जापान की सहभागिता में नये बयोमेटीरियल के प्रोसेसिंग के क्षेत्र में शोध काफी प्रगति कर सका है। फोस्फेरिलेटड पोलि (2 - हैड्रोक्सि एथिल मेथाक्रिलेट) को थिंथेसैस किया गया तथा सिमुलेटड बोडि फ्लूयिड एनवययरनमेंट के अधीन कोपोलिमर कांपोसिषन पर इन विट्रो बयोमिमेटिक ग्रोथ आफ हैड्रोक्सियापटैट का निरीक्षण किया गया। आगे काम जारी है।

बयोसर्फस तकनालजी

स्टिमुलै सेंसिटीव पोलिमेरिक नानोपार्टिकिल पर आधारित कैंसर, डयबटीज़ और ऐंटीबैक्टीरियल्स (प्रतिष्ठित सी एस ऐ आर की एन एम ऐ टी एल ऐ योजना) केलिए अड्वान्स्ड् ड्रग डेलिवरि सिस्टम बहुत अच्छी प्रगति कर सका है। नानोपार्टिकिल लोडड विथ इंसुलिन स्ट्रेप्टोजोटोसिन इंड्यूस्ड् डयबेटिक चूहों में सफलतापूर्वक जाँचे गये।

स्तर की सफलता के आधार पर उपर्युक्त परियोजना का दूसरा स्तर 3 वर्षों की अवधि केलिए स्वीकृत हुई है। 1.2 करोड रुपये इसकेलिए स्वीकृत हैं। योजनाबार कार्यक्रम निम्नलिखित हैं-

(क) एक लिटर की क्षमता तक प्रविधि को बढ़ाना और एलिसा उपयोग करके नानोपार्टिकिलों में इन्सुलिन लोडिंग का विश्लेषण करना।

(ख) चूहे तथा सुअर के मॉडल में ओरल और सबकूटेनियस रास्ते से इंसुलिन डेलिवरि की पुष्टि करना तथा सुअरों को कम से कम एक महीने तक सुरक्षित रखना।

(घ) पोलिमर के जीवे डिग्रडेषन का अध्ययन करना तथा एथिक्स समिति और अन्य नियामक समितियों की आदमी पर ऐसे प्रयोग की अनुसति माँगना

300-800 एन एम के स्तर के सेरामिक बेस्ड इन्सुलिन लोडड नानोपार्टिकिल (जिंक मग्नीसियम कैल्सियम फोस्फेट) ड्रग डेलिवरि तथा अन्य प्रयोगों केलिए निर्मित किये गये। पाया गया कि लोडड इन्सुलिन 100% सक्रिय है। पोलिमर कोटड नानोपार्टिकिलों के अध्ययन में देखा गया कि वे पी एच डिपेंडडरिलीस विहेवियर दिखाते हैं। ये नानोपार्टिकिल डी एन ए डेलिवरि सिस्टम या एंटि - वैरल वेक्टरों के रूप में भी उपयोगी हैं। 100 एन एम से कम आकार के पार्टिकिल प्राप्त करके उन्हें लिपिड या उचित पोलिमर से रंगने का प्रयत्न जारी है। निकास निरंतर करना टिकाऊ बनाना और बढे अवशेषण पाना इसका लाभ है। पोलिमरों पर रक्त समायोजनीयता केलिए लांगमूयिर ब्लडजेट मोणोलेयर के प्रयोग की डी एस टी अर्थ व्यवस्था की योजना अच्छी प्रगति कर सकी है। अपटैट क्रिस्टल्स आफ इंसुलिन तथा एंटीबयोटिक्स के रूपायन में पोलिमर सबस्ट्रेट पर फोस्फोलिपिड मोणोलेयर के प्रयोग के प्रारंभिक परिणाम पर परीक्षण किया गया। इन फोस्फो ग्लैकोलिपिड लेयरों के रक्त समायोजनीयता तत्वों का अध्ययन चल रहा है। लांगमूर ब्लडजेट टेकनीक का (बी ए आर सी, मुंबई) उपयोग करते हुए पोलिमल सर्फस पर विभिन्न सेल मिमेटिक फोस्फोलिपिड ग्लैकोलिपिज। कोलस्टरोल कांपोसिषन डाले गये। रक्त समायोजनीय तत्व के रूप में सब से उत्तम मिश्रण का पता भगाया गया।

डेंटल उत्पाद

इस वर्ष तीन प्रकार की अडीषन टैप सिलिकोण इंप्रेषन मेरीरियल का निर्माण किया गया। (पुट्टी, मीडियम बोडि, लैट बोडि) उनके तत्व जैसे कार्य करने के घंटे, सेट होने के घंटे, टैन्सैल शक्ति, कंसिस्टन्सी, कंप्रेषन में स्ट्रेयिन डयमेंशनल चेंज आदि मापे गये और विदेश से आयातित नियंत्रक सामग्री से तुलना की गई।

ड्यूअल क्युअर डेंटल कांपोसिट का ठाक्सिकालजिकल मूल्यांकन प्रारंभ किया गया और मुख्य अंश पूरा किया गया। इस वर्ष बडे जानवरों में पल्प और डेंटल टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा करने पर वह चिकित्सा मूल्यांकन केलिए तैयार मिलेगा। सब से नये डेंटल कांपोसिटों केलिए डेंटिस्टों की माँग इस कांपोसिट से पूरी की जाएगी।

एक नये फोयें-इनीषियेटर का निर्माण अच्छी प्रगति कर सका है। नये इनओर्गानिक ओर्गानिक हैब्रिड मेटीरियल डेंटल प्रयोगों केलिए लैब में निर्माण किये गये। उनके लक्षण निर्धारित किये गये और फिसिकल तत्वों का अध्ययन किया गया।

पोलिमर विश्लेषण

इस विभाग के अनुसंधान कार्य मोलिकूलर इंप्रिंटिंग, सर्फस मोडिफिकेषन आफ पोलिमेर्स, स्टिमुलै रेस्पांसीव पोलिमेर्स तथा डयालुरोणिक

एसिड तथा कोंल्लाजेन के ऐसोलेषन और केमिकल मोडिफिकेषन केलिए प्रणालियों का आविष्कार हैं। फोस्फेट ग्रूप रखनेवाले पोलिमरों को ओप्तालमिक प्रयोगों केलिए सिंथेसैस करने तथा टिष्यू एंजिनीयरी प्रयोगों केलिए नई सामग्रियाँ पाने का प्रयत्न चल रहा हैं।

मोलिकूलर इंप्रिंटिंग का संकल्प विभिन्न पोलिमरों के स्तर पर चिकित्सा दृष्टि से उपयोगी मोलिक्यूलों केलिए अफिनिटि सैट्स सफलता से तैयार करने प्रयोग किया गया।

पोलिविनिल अल्कहॉल पर आधारित स्टिमुलै रेस्पांसीव पोलिमर कांप्लेक्स सिंथसैस कर मूल्यांकित किये गये। इन पोलिमरों का वाठर अपटेक ग्लूकोस कांसेंट्रेषन के साथ बडे लीनियर्ली रहे। इससे सूचित हुआ कि इन्हें विभिन्न प्रयोगों के काम में लाया जा सकता है जिनमें ग्लूकोस के उत्तर में इन्सुलिन रिलीस करना भी शामिल है। बयोसेरामिक प्रयोगशाला के सहयोग में फोसफेट मोयिटीवाले पोलिमर फार्मुलेषन सिंथसैस किये गये। प्रारंभिक मूल्यांकन सूचित करता है कि वै आँख के रोग में उपयोग किये जा सकते हैं।

मेडिकल प्रयोगों केलिए बयोपोलिमरों के उपयोग की एस टी ई सी परियोजना में प्राकृतिक स्त्रोतों से हयालुरोनिक एसिड तथा कोल्लाजेन जैसे बयोपोलिमर निकालने एवं उन्हें स्वच्छ करने का काम स्वच्छता और उपज बढाने और सूक्ष्म किया गया। बयोडिग्रेडबिल जी टी आर मेंब्रेन, स्काफोल्ड्स फोर टिष्यू एंजिनीयरिंग, वैकल्पिक घाव की पट्टियाँ, रक्त समस्योजनीयता या टिष्यू समायोजनीयता बढाने कोटिंग सामग्री तैयार करने जैसे दीर्धावधितथा अल्पावधि मेडिकल उपयोगों केलिए हयालुरोनिक एसिड के ग्राफ्ट पोलिमर, कोल्लाजेन तथा अन्य सिंथटिक वस्तुओं के साथ चिटोसन पर कार्य जारी रहा।

वास्कुलर ग्रैफ्ट का पोलिस्टर चिटोसन-विनिलासिटेट कोपोलिमर के साथ ग्रैफ्ट किया गया। ये प्रणालियाँ ऐसे मानकीकृत की गईं कि पोलिस्टर सामग्रियों को बयोकंपाठिबिल तथा ब्लड कंपाटिबिल वस्तुओं से पोलिस्टर मेटीरियल की न्यूनतम पारगम्यता हो। आगे अध्ययन जारी है।

पोलिमेर केमिस्ट्री

जेलाटिन और अलजीनिक एसिड डयालडीहैड पर आधारित रैपिड्ली जेल्लिंग पोलिमर सिस्टम पर कार्य प्रायः पूरा किया गया। घाव की पट्टी के रूप में इसकी उपयोगिता का मूल्यांकन चूहों पर किया गया। इस प्रविधि से घाव भरने के लक्षणों पर पाये ऊतक विज्ञानीय आंकडे प्रोत्साहनजनक हैं। यह सामग्री इंजंक्टबिल स्काफोल्ड फोर टिष्यू एंजिनीयरिंग तथा इंजेक्टबिल ड्रग डेलिवरि वेहिकिल के रूप में भी प्रयोग की जा सकती है।

मेयिल मेथाफ्रिलेट में छोटे पैसाने पर एक विनिल डेरिवेटीव ट्रवीन 20 एक सर्फक्टंट के रूप में उपयोग करने से रक्तसमायोजनीयता में अच्छे निष्कर्ष प्राप्त हुए। इस कारण अन्य प्रोटीनडिसोर्बिंग सर्फकटंट टिव्रण X 100 उसके विनिल डेरिवेटीव में परिवर्तित किया गया। उसे छोटे पैमाने पर मेथिल मेथाफ्रिलेट से कोपोलिमेरैज किया गया। उसकी रक्तसमायों जनीयता का मूल्यांकन हो रहा है। कुछ आशादायक परिणाम मिल रहे हैं। ड्रग डेलिवरि के साँचे के रूप में प्रैमाक्वैन क्रासलिंक्रड् ग्रम अरबिक पर काम जारी है। अंफ्रोटेनसिन बी गम अरबिक कांजुगेट पर काम शुरू हुआ है।

पोलिमर विभाग

संस्थान की तकनालजी विकास अर्थव्यवस्था की योजना के अधीन स्थानीय स्त्रोत से प्राप्य पोलियूरथेन कच्चा माल काम में लाते हुए लैट वेयिट, है स्ट्रेंग्थ और रेडियोलूसेंठ ओर्थोपीडिक कास्टिंग टेप निर्माण करने का प्रयत्न प्रारंभ हुआ है। कार्बोडिमैड मोडिफैड डिफेनी मेथेन डिसोस्यनेट, पोलियोल मोडिफैड डिफेनी मेथेन डिसोस्यनेव, पोलिमेरिक डिफेनी मेथेनडिसोस्यनेट और पोलिमेरिक डिफेनी मेथेन डिसोस्यनेट और पोलिप्रोपिलिन ग्लैकोन पर आधारित पोलियूरेथेन के विभिन्न मिश्रणों का परीक्षण किया गया ताकि सेट्टिंगठैम और स्टोरेज लैफ के सब से अच्छे तत्व मिल सकें। ई ग्लास फैबर मैट तथा पोलिस्टर फाब्रिक का उपयोग प्रीप्रेग के रूप में करते हुए ओर्थोपीडिक कास्टिंग टेप्स तैयार किये गये। उत्पाद का जेल लैफ निर्धारित करने केलिए एजिंग स्टडीस प्रारंभ किये गये हैं।

बयोडिग्रेडबिल पोलिमेरिक इंप्लांट मेटीरियलों के निर्माण के पक्षात-मूकोअड्टीसीव ड्रग डेलिवरि केलिए बयोडिग्रेडबिल कार्बोक्सि टेर्मिनेटड पोलि प्रोपिलिन फ्यूमरेट का अध्ययन किया गया। विभिन्न ऐसोसेणिक मिश्रणों पर एजिंग स्टडीस करने से ग्राजुअल डिग्रडेषन, वेयिटलॉस और एजिंग माध्यम का लो पी एच का भी पता लगा।

संभव्य स्थानीय कच्चे माल के आपूर्तिकारों का पता लगाने केलिए फास्ट सेट्टिंग अरोमाठिक पोलियूरथेन मिश्रणों पर अध्ययन किया

गया। इस पोट्टिंग कांपौंड का ध्येय होलो फैबर वेस्ड् मेडिकल उपस्करों का निर्माण है। सेट्टिंग प्रवृत्तियाँ और स्टोरेज लैफ का मूल्यांकन किया जा रहा है।

पोलिमर प्रोससिंग लैब

इंस्ट्रुमेंटेषन लैबरेटरी के साथ संयुक्त प्रयास के रूप में ई सी जी एलक्ट्रोडों केलिए एलक्ट्रिकलि कंडक्टीव पोलिमेर कांपोसिट निर्माण का प्रयत्न प्रगति कर रहा है। आवश्यक तत्वों पर आधारित उचित पोलिमेर मेट्रिक्स का चयन किया गया। ज़रूरी एलक्ट्रिकल कंडक्टिविटि और मेकानिकल प्रापर्ठी पाने केलिए फिल्टर लोडिंग सब से अधिक किया गया।

टाक्सिकालजी विभाग के साथ नाण टॉक्सिक फार्मुलेषन का निर्माण करने की डी एस ठी फंड की शोध योजना प्रगति कर सकी है। पर्याप्त मेकानिकल तत्ववाले और न्यूनतम मात्रा में रेसिड्युअल डिथियोकार्बनेट्स रखनेवाले प्राकृतिक रब्बड् लैटेक्स फोर्मुलेषन तैयार किये गये। सेल कल्चर सैटोटोक्सिटि टेस्ट पार किये कुछ लैटेक्स फार्मुलेषनों को इंट्राक्यूठेनियस इरिटेषन और सेंसिटैज़ेषन पोठेंश्यल की दृष्टि से मूल्यांकित किया जा रहा है।

इंडो जर्मन फंडिंग योजना के अधीन बोण सबस्टिट्यूट आप्लिकेषन केलिए हैड्रोक्सियापटैट एथिलीन विनिल असिटेट कांपोसिटों के चिकित्सा केलिए उपयोगी आकारों का निर्माण अच्छी प्रगति कर सका। निर्मित त्रिमानक हेमिस्फिरिकल आकार फोर्माबिलिटि रेषियो, वेरियेषन इन तिकनेस और चेंज इन सर्फस टेक्स्चर की दृष्टि से विश्लेषित किये गये। डिफोर्मेषन मेकानिसम भी दिखाया गया। मिश्रण के फेटीम टेस्टिंग पर अतिरिक्त आंकडे तैयार किये गये।

बयोलजिकल रिसर्च और मूल्यांकन

इंप्लांट बयालजी

विभिन्न कंटिन्युअस सेल लैनों और प्रैमरि सेलों का उपयोग करते हुए टिप्यू कल्चर लैबरेटरी सेल - मेटीरियल इंटर एक्षन स्टडीस किये गये। कंटिन्युअस सेल लैन्स में एल 929 एम जी 83, एच ओ एस, एस ऐ आर सी 373 तथा पी सी 12 शामिल हैं। काम में लाये प्राइमरि सेल काल्वेरियल ओस्टियोब्लास्ट्स, एंडोथीलियल सेल्स और हेपटोसैट्स थे।

100 नमूनों पर ऐ एस ओ 10993-5, 1999 के अनुसार इन विट्रो सैटोटाक्सिसिटि टेस्ट चलाये गये। इनमें सभी तीन संपर्क पद्धतियों का उपयोग करते हुए ड्रग कोटड एवं अणकोटड स्टेंट थे।

एंडोथीलियल सेल्लों और हेपायेसैटों के एक को कल्चर सिस्टम का निर्माण मुख्य अनुसंधान क्षेत्र था। थेर्मो-सेन्सिटीव पोलिमर कोटड टिप्यू कल्चर डिषस पर उगे हुए सेल प्रोत्साहनजनक परिणाम दे रहे थे।

हिस्टोपथालजी लैबरेटरी: यह लैब एक हिस्टोपथालजी लैब के रूप में अपनी कोटि का अलग है। यहाँ सोफ्ट और हार्ड अणडीकैल्सिफैड टिप्युओं के विषय में मेटीरियल्स के बिना और साथ भी प्रयोग करने योग्य विशिष्ट तकनीकों का बडा आयाम है। बयोकंपाटिबिलिटि टेस्टिंग में (124 नमूने) सामग्री पर टिप्यू रेस्पांस का ग्रोस और हिस्टोलजिकल मूल्यांकन में पोलिमर-कोटड तथा ड्रगकोटड स्टेंट सेटीरियल, और कैल्सियम फोस्फेट सिमेंट शामिल हैं। घाव की पट्टियों पर बयोलजिकल प्रतिक्रिया के प्रयोग अध्ययन (66 नमूने) तथा पोलिमर कोटड और ड्रग कोटड स्टेंट सामग्री जैसे उपस्करों का सुअरों पर चिकित्सापूर्व मूल्यांकन थे और अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार किये जाते थे। एक डेंटल कांपोसिट सामग्री के ओरल टोक्सिसिटि श्वाल्यवेषन ठोस्ट में फये गये टिप्युओं का (800) ग्रोस और हिस्टोपथालजिकल मूल्यांकन भी किया गया।

पुनः पाये गये मानवीय रोपणों का अध्ययन जारी था। इसमें टिप्यू एवं रोपण-सामग्री का लैट और स्कानिंग एलक्ट्रोण मैक्रोस्कोपी आब्सर्वेषन शामिल थे। सिरामिक बोण सबस्टिट्यूट में तथा टिप्यू एंजीनीयरी में इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रवृत्तियों को समझने के अध्ययन शुरू किये गये-

(क) इंप्लांट डेब्री के प्रति टिप्यू रेस्पांस का मोलिक्यूलर मेकानिसम

(ख) पोलिमेर डीग्रडेषन के सेल्लुलर और मोलिकूलर मेकानिसम

(ग) इम्यूण रेस्पांस और पोलिमेर डिग्रडेषन

(घ) जानवर मॉडल में बोण का घाव भरने में समान्यतः और मेटल फोस्थीसिस के साथ - रीनल ओस्टियो डिस्ट्रोफी का असर और उसका प्रभाव

बयोलाजिकल और इनोर्गानिक नमूनों के सहित बाहरी व भीतरी स्त्रोतों से प्राप्त टिप्युओं के अल्ट्रास्ट्रक्चरल अध्ययन में ट्रान्समिषन एलक्ट्रोण मैक्रोस्कोपी लैब सेवाएं देता था। शोध छात्रों और क्लिनिश्यनों से नमूने (79 नमूने 2003) प्राप्त होते थे।

मैक्रोबयालजी

यूरिनरि कथीटर के रूप में उपयोग करने एंटीमैक्रोबियल सिल्वर ओक्सैड कोटड लैटेक्स सामग्री के निर्माण तथा मूल्यांकन केलिए संस्थान के कोष से संचालित परियोजना पूरी की गई। भीतरी व बाहरी ल्यूमन पर एंटिमैक्रोवियल कोटिंग बडी आशाएं देता है। वह दोनों तत्वों पर बैक्टीरियल मैग्रेषन और कालनैसेषन को रोकता है। एंटीमैक्रोवियल सिल्वर ओक्सैड कोटड कथीटर एल पी ए के सहयोग में निर्मित हुआ और इसी लैब में मूल्यांकन किया गया। दोनों तरफ भीतरी व बाहरी तल पर मैक्रोबियल कोटिंग बहुत ही लाभ दायक है क्यों कि वह दोनों तरफ बैक्टीरियल मैग्रेषन और कालनैसेषन को रोकता है। ऐंटिमैक्रोबियल सिल्वर ओक्सैड कोटड कथीटर एल पी ए की सहभागिता में निर्माण किया गया तथा इस लैब में उसका मूल्यांकन किया गया।

वर्तमान अनुसंधान का जोर बयोफिल्मों में बैक्टीरिया व्यवहार समझने पर है। बयोफिल्मों में बैक्टीरिया अपने फ्रांकटोणिक बंधुओं से भिन्न रूप में व्यवहार करते हैं। यह स्थापित हुआ है कि 35S से अधिक जीन्स बयोफिल्मों में भिन्न प्रकार से प्रकट किये जाते हैं। अतएव परंपरागत मैक्रोबयालजिकल तकनीक इन समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ हैं। वर्तमान अध्ययन का ध्येय हमारे अस्पतालों के रोगियों से प्राप्त कथीटरों से अलगाये बैक्टीरियल स्ट्रेयिनवाले बयोफिल्मों का मोलिकूलर बयालजी विशेष रूप से समझना है। अड्हीषन ढाँचे, डिफेरेंष्यल प्रोटीन एक्सप्रषन, एंटिबयोटिक रेसिस्टंस और इन बैक्टीरियल बयोफिल्मों में मैक्रोबियल कम्यूनिकेषन का अनुसंधान किया जाता है। इन रोपण संबंधित इनफेक्षनों को सक्रिय रूप में सुलझाने केलिए समस्याओं को पूर्णतः समझना ज़रूरी है।

मोलिकूलर मेडिसिन

टेंपरल लोब एपिलप्सी का अध्ययन

अब तक रोग चढने की दशा में 43 जीन्स को पहचाना गया है। 22 जीन्स के क्रम के आँकडे अमेरीका में सुरक्षित जीनबैंक में जमा किये गये हैं। वह संस्था है नैषनल सेंटर फोर बयोइंफर्माटिक्स इन



बयोमेटीरियल से संलग्न अक्रिडियेन ओरंज स्टेयिन ई कोलि

जीनों से अलगाये पुट्टीव प्रोटीनों में स्नेयर रिसप्टर्स, सिस्टेयिन प्रोटीसस, नोर्विन, एन जी एफ ईड्यूस्ड् टाक्टर किनिनोजन आदि।

